पत्र सूचना शाखा
(राजभवन सूचना परिसर)
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

राज्यपाल ने जम्मू और कश्मीर में आतंकी हमले में शहीद हुए जनपद फर्रुखाबाद निवासी सी0आर0पी0एफ0 के ए0एस0आई0 श्री विनोद कुमार को नमन और श्रद्धांजलि दी

लखनऊ : 18 जुलाई, 2022

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदी बेन पटेल जी ने जम्मू और कश्मीर में आतंकी हमले में शहीद हुए जनपद फर्रुखाबाद निवासी सी0 आर0 पी0 एफ0 के ए0एस0आई0 श्री विनोद कुमार के शौर्य और वीरता को नमन करते हुए उन्हें अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि दी है।

राज्यपाल जी ने शहीद श्री विनोद कुमार की आत्मा की शांति की कामना करते हुए परिजनों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की है।

चंद्र विजय वर्मा
सूचना अधिकारी/राजभवन/277/33
सम्पर्क सूत्र 7705800957